—ःठोस अपशिष्ट प्रबंधनः—

जनपद की ग्राम पंचायतों में निर्मित कुल—618 आर0आर0सी0 के संचालन का कार्य सम्बन्धित ग्राम पंचायतों द्वारा कराया जा रहा है। आर0 आर0सी0 के संचालन हेतु तैनात मैनपावर को प्रतिमाह मु0=6000/— की दर से ग्राम पंचायत द्वारा भुगतान किया जा रहा है।

–: प्लास्टिक मैनेजमेण्ट यूनिट:–

जनपद की 01 ग्राम पंचायत इकौना देहात, विकास खण्ड इकौना में मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण),उ०प्र०के पत्र संख्या–5/1746/2023–5/67/69/2023–SBMदिनांक 22 नवम्बर, 2023 के द्वारा निर्गत क्रेडिट लिमिट के माध्यम से प्लास्टिक मैनेजमेण्ट यूनिट का निर्माण चयनित ग्राम पंचायत द्वारा कराया जा रहा हैं। प्लास्टिक मैनेजमेण्ट यूनिट का संचालन एवं रख–रखाव मिशन निदेशक, महोदय मिशन (ग्रामीण), स्वच्छ भारत उ०प्र०के पत्र संख्या–5/1746/2023–5/67/69/2023-SBMदिनांक 22 नवम्बर, 2023 मे दी व्यवस्था के अनुरूप सम्बन्धित ग्राम पंचायत द्वारा चयनित स्वयं सहायता समूह को हैण्डओवर करते हुए समूह के केयर टेकर के माध्यम से प्लास्टिक मैनेजमेण्ट यूनिट का संचालन एवं रख–रखाव कराया जाना प्रस्तावित है।

—:गोबरधन:—

जनपद की 01 ग्राम पंचायत टण्डवा महन्थ, विकास खण्ड इकौना में मिशन निदेशक, महोदय स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), उ0प्र0 के पत्र संख्या–5/1061/2022–5/25/2018 दिनांक 19 सितम्बर, 2022 के द्वारा गोबरधन योजनान्तर्गत बायोगैस प्लान्ट निर्माण हेतु इम्पैलनमेंट संस्था मेसर्स आनन्द बायोटेक, लखनऊ के माध्यम से 45 घन मीटर की क्षमता का बायोगैस संयत्र निर्मित हैं। बायोगैस संयंत्र का संचालन एवं रख–रखाव मिशन निदेशक, महोदय स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), उ०प्र० के पत्र संख्या–5/1061/2022–5/25/2018 दिनांक 19 सितम्बर, 2022 में दी व्यवस्था के अनुरूप सम्बन्धित इम्पैलनमेंट संस्था मेसर्स आनन्द बायोटेक, लखनऊ माध्यम से निर्माण कार्य पूर्ण होने की तिथि से 01 वर्ष की अवधि हेतु कराया जा रहा हैं। उक्त अवधि क उपरान्त ग्राम पंचायत द्वारा चयनित स्वयं सहायता समूह को हैण्डओवर करते हुए समूह के केयर टेकर के माध्यम से बायोगैस संयंत्र का संचालन एवं रख–रखाव कराया जाना प्रस्तावित है।

—: फीकल स्लज प्रबंधनः—

जनपद की ग्राम पंचायतों में निर्मित कुल—23165 व्यक्तिगत शौचालयों में सेप्टिक टैंक निर्मित है। जनपद में कोई भी एस0टी0पी0 / एफ0एस0टी0पी. उपलब्ध न होने के कारण सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले फीकल स्लज के प्रबंधन हेतु चिन्हित ग्राम पंचायतों में Trenching का कार्य कराया जा रहा है। साथ ही एफ0एस0टी0पी के निर्माण हेतु भूमि चिन्हाकन की कार्यवाही की जा रही है।

–:बेसिक इन्फॉर्मेशनः–

जनपद–कानपुर देहात में 618 ग्राम पंचायत 922 राजस्व ग्राम है। एस0एल0डब्ल्यू0एम0 अन्तर्गत निर्मित हो रही परिसम्पत्तियो का संचालन एवं रख–रखाव ग्राम पंचायत द्वारा किया जा रहा है।